लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

**पेन ड्राइव खरीदने से पहले हो जाएं सावधान : नकली पेन ड्राइव बेचकर लोगों से ठगी, 4 आरोपी गिरफ्तार**




**राजनांदगांव.** जिले की साइबर सेल, कोतवाली और बसंतपुर पुलिस ने मिलकर एक बड़े ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो नकली पेन ड्राइव बेचकर लोगों को ठग रहा था. पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 957 नकली पेन ड्राइव, 33,000 रुपए नगद और दो बाइक बरामद की है.

यह गिरोह शातिर तरीके से काम करता था. वे खुद को नामी कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर दुकानदारों को अपने जाल में फंसाता था. उनकी रणनीति बेहद सुनियोजित थी. पहले वे दुकानदारों को अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देते और उन्हें नकली पेन ड्राइव बेचते. दिखने में ये पेन ड्राइव बिल्कुल असली लगता था, लेकिन अंदर केवल प्लास्टिक का खोखा होता था.

Source: https://lalluram.com/cg-crime-cheating-people-by-selling-fake-pen-drives-4-accused-arrested/